हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026



**औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर**

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

# सहकारी समितियों में खाद वितरण पर रोक, ई-उर्वरक सॉफ्टवेयर का इंतजार

## एक सप्ताह के भीतर अस्तित्व में आ जाएगा सॉफ्टवेयर, किसानों का सारा डाटा रहेगा फीड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

सहकारी समितियों में किसानों को खाद के वितरण पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। खाद के वितरण के लिए सरकार इस साल एक नया सॉफ्टवेयर लांच कर रही है। जिसमें सारे किसानों का डाटा फीड होगा। ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण उनके पास उपलब्ध जमीन के आधार पर किया जाएगा। सॉफ्टवेयर के प्रारंभ होने में लगभग एक सप्ताह का और समय लगने की बात कही जा रही है।

कुछ समय पहले तक किसानों को बुला-बुलाकर खाद का अग्रिम उठाव करने के लिए प्रेरित करने का सिलसिला अभी फिलहाल थम गया है। जिले की सहकारी समितियों में किसानों को रासायनिक खाद के वितरण पर रोक लगा दी गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल सरकार द्वारा खाद का वितरण ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर में सहकारी समितियों में पंजीकृत सारे किसानों की विस्तृत जानकारी पहले से दर्ज रहेगी।

इस दौरान किसान द्वारा उर्वरक की मांग करते ही सबसे पहले सॉफ्टवेयर में दर्ज किसान की जमीन का ब्यौरा देखा जाएगा। इसके अनुसार किसान के पास उपलब्ध एवं सॉफ्टवेयर में दर्ज भूमि के आधार पर उतनी मात्रा में ही किसानों को उर्वरक दिया जाना है।

### लिमिट में मिलेगी खाद

अब तक केवल किसानों के कहने या मांग के आधार पर सहकारी समितियों द्वारा खाद मुहैया करा दी जाती थी। जिसका ज्यादातर किसानों द्वारा बेजा इस्तेमाल किया जाता था। पर्याप्त खाद होने के कारण या तो किसान अपने ही खेत में अधिकाधिक फसल की लालच में मनमाना खाद डालते थे या फिर इसकी अधिक कीमतों में अन्य किसानों को बिक्री भी कर दी जाती थी। इस साल से ई-उर्वरक नामक सॉफ्टवेयर के माध्यम से लिमिट में खाद मिलने के कारण किसानों द्वारा खाद का सही इस्तेमाल किया जा सकेगा। सहकारी बैंक सूत्रों के अनुसार नया सॉफ्टवेयर एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किया जा सकता है। इसके आते ही किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।



### मायूस हो रहे किसान

अब तक आराम से बैठे किसानों ने अब खाद के लिए सहकारी समितियों का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। जबकि समितियों में फिलहाल खाद वितरण पर रोक होने के कारण किसानों को बिना खाद के मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जिले में इस साल सहकारी समितियों में खाद-बीज व केसीसी का वितरण किया जाना है, लेकिन यहां केसीसी व बीज के प्रकरण तो लिए जा रहे हैं, लेकिन खाद के लिए किसानों को फिलहाल निराश होना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### मंदिर प्रांगण में लोक नृत्यों की प्रस्तुति आज

**राजनांदगांव।** चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा श्री शीतला माता मंदिर प्रांगण में कल 29 अप्रैल को संध्या 5 बजे से संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा महाराष्ट्र, गुजरात एवं पश्चिम बंगाल के पांरपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुति करने जा रहे हैं। उक्त जानकारी देते संस्था के तुषार सिन्हा ने बताया कि इन नृत्यों को संजाने-संवारने का कार्य मुंबई से आए सुप्रसिद्ध युवा नृत्य दिगदर्शक (कोरियोग्राफर) विनोद कोरी व पश्चिम बंगाल से आए प्रतिभाशाली नर्तक शुवोजीत डे ने किया है।

### आज 91 दर्शनार्थी ट्रेन से अयोध्या होंगे रवाना

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के 91 श्रद्धालु कल 29 अप्रैल को विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। इस संबंध में अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें यात्रा के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने यात्रा के दौरान यात्रियों के ठहरने, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ गर्मी से बचाव के विशेष उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार ने बताया कि यात्रा 29 अप्रैल से 2 मई 2026 तक संचालित होगी। यात्रा से पूर्व सभी दर्शनार्थियों के लिए राजनांदगांव शहर में स्थानीय उदयाचल भवन में ठहरने की व्यवस्था की गई है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### माए एंगल




## संपत्तिकर सहित कुल तीन विषय रखे जाएंगे, तैयारियों में जुटा निगम

# 5 मई को नारी सशक्तीकरण के विषय पर होगी विशेष सामान्य सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश शासन के निर्देश पर अब राजनांदगांव नगर निगम द्वारा नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष एक दिवसीय सामान्य सभा का आयोजन आगामी पांच मई को किया जा रहा है। इस सभा में महिलाओं के अधिकारों, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा की जाएगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण को समाज के केंद्र में लाने और निगम के स्तर पर नीतिगत निर्णय लेने किए जाने की बातें कही जा रही है। हालांकि इस सामान्य सभा में महिला सशक्तिकरण के अलावा संपत्तिकरण सहित दो अन्य विषय भी रखे जाएंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने महिला सशक्तीकरण के लिए टाउन-हॉल बैठकों, नारी शक्ति वंदन सम्मेलनों और रोड-शोज के आयोजन एवं आवश्यक समन्वय के लिए राज्य के सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी किए थे। निकायों को जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आवश्यक बुनियादी ढांचा जैसे छाया, पेयजल एवं अन्य व्यवस्था और स्थल प्रबंधन सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। महिला सशक्तीकरण से संबंधित जन-जागरूकता अभियान के प्रथम चरण में निकायों को विशेष सामान्य सभा आहूत कर कार्यक्रम की महत्ता पर विशेष चर्चा एवं संकल्प पारित करने कहा गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य शासन की इस सर्वोच्च प्राथमिकता के अंतर्गत संचालित कार्यों का संपादन कर किए गए कार्यों एवं कार्यवाहियों की जानकारी संचालनालय को भेजना सुनिश्चित करने को कहा है।

### खास बातें

- प्रदेश स्तर से सभी निकायों में आयोजन करने के दिए गए निर्देश
- पांच मई को तीन विषय को लेकर आयोजित होगी सामान्य सभा



### योजनाओं का होगा प्रचार-प्रसार

राज्य शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवं इसके लिए जागरूक करने महिला हितग्राहियों, स्वसहायता समूहों और स्थानीय जमीनी नेटवर्क को सक्रिय कर हितग्राहियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने विभागीय अभिशरण के जरिये जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विभिन्न योजनाओं के लाभ की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने, सभी विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर स्टॉल व अन्य उपाय करने के निर्देश निकायों को दिए हैं।

### सभी निकायों में होगी विशेष सभा

ऐसा भी नहीं है कि महिला सशक्तिकरण को लेकर केवल नगर निगम में ही विशेष सामान्य सभा का आयोजन किया जाएगा, बल्कि प्रदेश स्तर से राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा है कि महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने राज्य शासन द्वारा एक विशेष अल्पकालिक एवं गहन जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जिला कलेक्टरों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ये अभियान संचालित किए जाएंगे। जिसको लेकर जिले के सभी निकायों को निर्देशित किया जा चुकां है।

### संपत्तिकर की छूट पर लगेगी मुहर

मिली जानकारी के अनुसार भले ही महापौर मधुसूदन यादव ने बढ़े हुए संपत्तिकर को वापस लेते पिछले साल के मुकाबले 10 एवं 20 फीसदी ही बढ़ोत्तरी की बात कही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी यह लागू नहीं हुआ है। बताया गया कि 22 अप्रैल को आयोजित सामान्य सभा में इस प्रस्ताव को सहमति मिली है। अब इसे एमआईसी से स्वीकृत कराने के बाद एक अन्य सामान्य सभा में पुष्टि कराना होगा, तभी शहर की जनता को संपत्तिकर में छूट का लाभ मिलेगा। यही कारण है कि 5 मई को आयोजित महिला सशक्तिकरण विषय पर सामान्य सभा में यह विषय भी रखा जा रहा है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से कुकर्म

## आरोपी गिरफ्तार, पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नाबालिग को शादी करने का झांसा देकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसा प्रार्थी द्वारा थाना छुईखदान में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को संदेही द्वारा बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपहरण कर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नाबालिग अपहृता एवं संदेही की लगातार तलाश की जा रही थी। विवेचना के दौरान नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपहृता के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 64(2)(ड), 96 बीएनएस एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया गया। आरोपी दीपजोल कलसा को 27 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल सलोनी भेजा गया।

**संजीवनी** नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



Dr. Ashna Jabin
MBBS, DNB (Neurosurgery)
Ruby Hall Clinic, Pune (Maharashtra)
Dr. Vaishampayan Memorial Govt. Medical College, Solapur

- हृदय रोग विशेषज्ञ
- DM कार्डियोलॉजिस्ट
- मेडिसिन स्पेशलिस्ट (MD)
- शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
- हड्डी रोग विशेषज्ञ
- गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी

न्यूरोसर्जन प्रतिदिन उपलब्ध Full Time

न्यूरोसर्जरी विभाग में उपलब्ध सम्पूर्ण सुविधाएँ

अब तक हृदय रोग उपचार में अर्जित उपलब्धियां: एंजियोग्राफी 2900+ | एंजियोप्लास्टी 1000+ | पेसमेकर 100+

BRAIN (दिमाग से संबंधित रोग) — OPD Time: 10.30 to 4.30
✓ ब्रेन ट्यूमर ✓ ब्रेन हेमरेज ✓ सिर की गंभीर चोट (Head Injury)
✓ चेहरे में तीव्र दर्द (Trigeminal Neuralgia) ✓ मिर्गी / लकवा

SPINE (रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोग)
✓ स्लिप डिस्क, सायटिका ✓ गर्दन एवं कमर दर्द, झुनझुनी
✓ रीढ़ की हड्डी का टीबी ✓ स्पाइनल ट्यूमर ✓ स्पाइनल कॉर्ड इंजरी

Pediatric Neurosurgery (बच्चों की न्यूरो समस्याएँ)
✓ बच्चों के सिर का बड़ा होना / पानी भरना ✓ बच्चों की कमर में गठान

आयुष्मान भारत कार्ड | ESIC / CGHS | राज्य शासन के कर्मचारी एवं आश्रितों के लिए एकमात्र अस्पताल

पुलिस थाना के सामने, चिखली,राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

24/7 संपर्क नंबर: 07744-299988 | 82699-24365 | 88279-24365

## दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप

# कॉलेज कैंटीन संचालक और भाजयुमो नेता के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के कैंटीन में भाजयुमो नेता और कैंटीन संचालक के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इसके बाद दोनों ही पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट कर चोंट पहुंचाने का आरोप लगाया है। कैंटीन संचालक ने मामले की शिकायत महाविद्यालय की प्राचार्य और पुलिस से की है। वहीं भाजपा नेता घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय में भर्ती है।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के कैंटीन में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के अलावा बाहरी और पूर्व छात्रों की भी खासी उपस्थिति रहती है। ऐसे में कई बार कैंटीन में वाद-विवाद की स्थिति बनती है। लोग यहां बेवजह घंटों बैठे रहते हैं। मंगलवार को कैंटीन में बैठे भाजपा नेता को उनके स्थान से हटाए जाने का विवाद मारपीट तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता अपने एक मित्र के साथ कैंटीन में कूलर की हवा के सामने बैठे हुए थे, तभी कॉलेज के प्रोफेसर वहां भोजन करने पहुंचे थे। प्रोफेसर के लिए कूलर के सामने की चेयर खाली करने के लिए कैंटीन संचालक ने भाजपा नेता को चेयर से उठने कहा। इसके बाद विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट व गाली-गलौज तक पहुंच गया। पुलिस में मामले की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस जवानों ने वस्तुस्थिति का अवलोकन किया।



### कार्रवाई के लिए दिया ज्ञापन

मारपीट के इस मामले को लेकर कैंटीन के संचालक किरण कुमार साहू द्वारा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आशीष सोरी अपने मित्र के साथ कैंटीन में बैठा हुआ था। इस दौरान प्रोफेसर लंच के लिए आए तो आशीष को यहां से उठकर दूसरी जगह बैठने कहा गया, तो वह बदतमीजी करते गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद कैंटीन से बाहर निकालकर मारपीट किया। जिससे किरण साहू ने स्वयं को चोंट आने की बात भी कही है। वहीं उन्होंने इस मामले में प्राचार्य से कार्रवाई करने मांग की है।

### भाजयुमो नेता जिला अस्पताल में भर्ती

इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के दक्षिण मंडल महामंत्री आशीष सोरी ने कहा कि वह अपने दोस्त के साथ कैंटीन में बैठे हुए थे। कभी कैंटीन संचालक किरण साहू ने काफी खराब लहजे में यहां से उठने कहा। जिसका विरोध करने पर कैंटीन से बाहर निकलने कहा और इस दौरान उसने पिता और एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर मारपीट किया। भाजपा नेता आशीष सोरी ने कहा कि इस मारपीट में उन्हें सिर और चेहरे पर चोंट आई है और तबीयत बिगड़ने पर वह जिला अस्पताल में भर्ती होकर अपना उपचार करा रहे हैं।

## तीन डिग्री तक गिरावट संभव, होगी बारिश

# बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं, बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम के तेवर से राहत मिलने के संकेत मिले हैं। बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते अंचल में मौसम बदलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 से 72 घंटे के बीच जहां बेमौसम बारिश देखने को मिल सकती है।



वहीं तीन डिग्री तक तापमान में गिरावट भी संभव है। इधर पिछले 24 घंटे में तापमान के ढाई डिग्री नीचे आने से अंचल का अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री से 43 डिग्री पर आ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 66 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका हरियाणा से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर तेलंगाना से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से ही अंचल के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

### सभी संभाग में होगी बारिश

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से वातावरण के निम्न स्तर पर नमी आ रही है। जिसके कारण प्रदेश के सभी संभाग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज- चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।

**समता** सुपरस्पेशलिटी अस्पताल

NABH मान्यता प्राप्त



**डॉ. जय टॉक**
एम.डी.एस.
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)

उपलब्ध सुविधाएं
- चेहरे एवं मुँह के अंदर कैंसर का उपचार
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी
- दांतों के इम्पलान्ट् कार्य के स्पेशलिस्ट
- दुर्घटना से चेहरे की टूटी हड्डी का निशान रहित सर्जरी
- मुँह अथवा जबड़ों में कैंसर एवं गाँठ की सर्जरी
- गुटखा तम्बाखू आदि के सेवन से मुँह का कम खुलना
- कटेफटे कान, होठ और जन्मजात चेहरे एवं मुँह के विकृत अंगों का पुनर्निर्माण जबड़ों का टेढ़ेपन का इलाज
- चेहरे या सर में दर्द का इलाज
- अकल (विज़्डम) डाढ़ की सर्जरी
- चेहरे के समस्त रोग एवं दर्द का उपचार
- चेहरे के घावों का उपचार
- मुँह का कम खुलने का इलाज
- चेहरे व गले में किसी प्रकार के गांठ,
- दाग, घाव मसा का निदान
- जबड़े के फेक्चर का उपचार

अपॉइंटमेंट - 077443 56654, 94255 29769

परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक

बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### सम्मानित हुए शिक्षक प्रवीण सिंह

**मोहला।** नवाचारी गतिविधियां समूह भारत ने राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान एवं शैक्षणिक संप्रवाह का आयोजन 25 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद प्रो जे एन पाण्डेय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय रायपुर में किया। कार्यक्रम में ब्लाक के शिक्षक प्रवीण सिंह पूर्व माध्यमिक शाला वागिनसुर को नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य, प्रधान पाठक देवेंद्र निषाद, मलेश मालेकर ने बधाई दी है।

### श्रद्धालुओं को वितरित किया शीतल पेय



**सड़क अतरिया** सोमवार को ऐतिहासिक मंढीपखोल गुफा एक दिन के लिए खुला था। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अचानकपुर ने शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया। भीषण गर्मी में विद्यालय परिवार की इस पहल से श्रद्धालुओं को राहत मिली। यात्रियों ने विद्यालय परिवार के इस सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्रधान पाठक पन्नालाल जंघेल के अगुवाई में शिक्षकों एवं सहयोगियों ने उत्साह के साथ यह व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर प्रधान पाठक सुमित्रा कामडे, धर्मशाला जंघेल, प्रमोद साहू, उजय जंघेल, अनुज साहू, नेतराम कुंभकार, राजेंद्र कुंभकार, मनोज साहू आदि ने अपनी सेवाएं दी।

### गणित में प्रियापाल व कामर्स में लक्ष्मी प्रथम




**छुईखदान।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में गत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। लालिमा पिता रामकुमार ने कक्षा नवमी में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर साक्षी साहू पिता कामता 82, राधिका यादव पिता सुनील यादव 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय में करीना कंडरा पिता शिवकुमार प्रथम, विज्ञान संकाय में चांदनी पिता चंद्रहास, गणित संकाय में प्रथम प्रिया पाल पिता मनोहर पाल, वाणिज्य संकाय में लक्ष्मी यादव पिता राजकुमार प्रथम स्थान पर रही। कक्षा 11वीं के सभी संकाय में लक्ष्मी यादव पिता राजकुमार ने 87.8 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त हासिल किया। द्वितीय स्थान पर चांदनी पिता चंद्रहास ने 85.02 प्रतिशत रही। इस अवसर पर प्राचार्य अनिल पाल एवं परीक्षा प्रभारी शीतल श्रीवास्तव ने सभी छात्राओं को बधाई दी है।

### मजदूर दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे पूर्व सीएम

**सड़क अतरिया।** आगामी शुक्रवार को ग्राम पंचायत चकनार में मजदूर दिवस मनाया जायेगा। ग्राम में मजदूरों के सम्मान के साथ सामूहिक बोरे बासी खाने का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर पंचायत प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा रविन्द्र चौबे, विधायक यशोदा वर्मा, गिरीश देवांगन, नवाज खान, कोमल साहू, गिरवर जंघेल, टारकेश्वर साह खुशरो, नम्रता वैष्णव, मोतीलाल जंघेल, निलाम्बर वर्मा, निर्मला विजय वर्मा, शताक्षी सिंह, नीना ताम्रकार, भुनेश्वर साहू, आरती महोबिया, गुलशन तिवारी, संजू सिंह चंदेल, गजेन्द्र ठाकरे, मन्नू, रामकुमार आदि शामिल होंगे।

### शिकायत पर जांच और कार्रवाई करने से परहेज

# स्वच्छता मिशन के फंड का सफाया सार्वजनिक शौचालय जर्जर और अधूरे

## अफसरों ने सरकार की मंशा पर फेरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

खुले में शौच करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने और स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव-गांव सार्वजनिक और निली शौचालयों का निर्माण किया गया है। इस कार्य के लिए बड़ी रकम केंद्र शासन ने मुहैया कराया था किन्तु केन्द्र सरकार का यह महत्वाकांक्षी अभियान पंचायत सचिवों, जनपद के अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है।

जनसुविधा के लिए बनाए सार्वजनिक शौचालय पूरे अभियान का मजाक उड़ा रहे हैं। जानकारी के अनुसार पंचायत के पूर्ववर्ती कार्यकाल में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण शुरू हुआ था जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। कहीं ताला लटका है, कहीं सीटें टूट गई हैं। कुछ ऐसे भी शौचालय हैं, जहां पानी तक नहीं है।



**ग्रामीणों ने कहा जांच नहीं, कार्रवाई हो**

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से अधूरे, बंद और जर्जर शौचालय केवल इस बात का प्रमाण हैं कि गांवों के लिए आने वाली पूरी राशि नहीं पहुंच रही है। लोगों की मांग है कि औंधी, बोड़ेगाँव , राजकट्टा, सरखेड़ा और सालेभट्टी के सार्वजनिक शौचालयों की उच्चस्तरीय जांच कर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई किया जाना चाहिए।




**शौचालय बना पर सेप्टिक टैंक नहीं**

ग्राम में सार्वजनिक शौचालय बना दिया गया है , लेकिन नया सेप्टिक टैंक नहीं बनाया गया है। गंदगी की निकासी के लिए पुराने ढांचे से जोड़कर निर्माण को पूरा कर दिया गया। आधा काम करवा कर पूरी राशि का आहरण कर लिया गया है। सवाल यह है कि बिना मूलभूत सुविधा के पूर्णता प्रमाण पत्र किस अधिकारी ने किस आधार पर दिया है?

**सालों से अधूरे निर्माण**

जानकारी के अनुसार बोड़ेगाँव, राजकट्टा में निर्माण अधूरा है तो सालेभट्टी शौचालय जर्जर हो गया है। सालेभट्टी के शौचालय की स्थिति यह है कि वह कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार शिकायत हुई, मगर जांच आदेश अब तक जारी नहीं हो सका है। जनपद के अधिकारी आंख बंद कर लिया है।

# भाजपा-कांग्रेस के नेताओं पर भारी पड़ रहा अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अंचल में पदस्थ एक अधिकारी ने भाजपा और कांग्रेस नेताओं की चूले हिला दी है। कुछ नेताओं का संरक्षण के कारण अन्य नेताओं की हालत यह हो गई है कि उन्हे अब अपने ही काम के लिए गिड़गिड़ाना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत क सीएमओ की भाजपा के कुछ पार्षद और संगठन से जुड़े नेताओ की पटरी नहीं बैठ रही है जिसके चलते आए दिन मंत्रियों से लेकर अधिकारियों तक शिकायतें भी होते रहती है। उक्त अधिकारी कांग्रेस विधायक के निशाने पर भी आ चुका है।

विधायक दलेश्वर साहू ने सीएमओ की कार्यप्रणाली पर विधानसभा के बीते सत्र में कई सवाल उठाए थे। विभागीय मंत्री के जवाब से साफ हो गया है कि नगर पंचायत के अधिकारियों ने कूटरचना करते हुए नियम विरूद्ध भुगतान किया है। मंत्री ने विधानसभा में कार्रवाई प्रस्तावित होने की भी जानकारी दी थी किन्तु अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है जबकि भाजपा के कुछ नेता भी अधिकारी को हटाने की सिफारिश कर चुके हैं।

**फाईल अटकी**

जानकारी के अनुसार अवर सचिव ने गत 23 मार्च को तत्कालीन सीएमओ दादूपाल, इंजीनियर रेखलाल सिंहा, श्री सारथी, लेखपाल विनम्र जेमा, विवेकसिंह भारद्वाज के नाम नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। कहा जा रहा था कि स्पष्टीकरण देने के बाद संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई हो सकती है किन्तु कार्रवाई की फाईल अब तक अटकी हुई है।

धार्मिक और सामाजिक उपयोग के लिए बने प्रियदर्शिनी सांस्कृतिक भवन को हाल के दिनों आर्थिक नुकसान पहुंचाते हुए एक व्यापारी को किराए पर दे दिया गया था। इसी दौरान भवन में लगी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा के अपमान को लेकर जमकर बवाल भी हुआ था। अधिकारी को लेकर भाजपा दो भाग में बंट गई है। एक खेमा कार्रवाई के पक्ष में है तो दूसरा खेमा बचाने जुटा है। हाल के दिनों में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नगरीय प्रशासन मंत्री, प्रभारी मंत्री सहित संगठन में शिकायत होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय भाजपा नेताओं की राजनीतिक पकड़ पर सवाल उठने लगे हैं। इस कवायद से भाजपा की जमकर किरकिरी हो रही है।

# बैगा परिवारों का सर्वे जारी

## सर्वे दल की समस्याओं का मौके पर समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं आदिम जाति विकास विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में बैगा बसाहट परिवारों का हाउसहोल्ड सर्वे किया जा रहा है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला ने गत दिनों ग्राम हाथीझोलाकला, समुंदपानी, गातापार, निजामडीह, समनापुर एवं सरईपतेरा में संचालित हाउसहोल्ड सर्वे का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सर्वेकर्ताओं को आ रही समस्याओं का समाधान किया गया। उच्च स्तर की समस्याओं से राज्य शासन को अवगत कराया गया।

ग्राम हाथीझोलाकला में केंद्रीय क्षेत्रीय योजना अंतर्गत निर्मित बैगा आवास का निरीक्षण कर हितग्राही टीका राम से आवास प्रगति की जानकारी ली। ग्राम समुंदपानी में प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। सरईपतेरा में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम से एनीमिया जांच, खून जांच, सिकल सेल जांच एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी बसाहटों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के निर्देश दिए गए। मितानिनों को ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित करने निर्देशित किया गया। इस दौरान आदिवासी विभाग के क्षेत्र संयोजक बोधन जोशी भी उपस्थित थे।

# तहसील कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**गंडई पंडरिया।** गौ सम्मान अभियान के तहत गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और गौ संरक्षण के संकल्प के साथ विभिन्न वर्गों ने एकजुट होकर सोमवार को तहसील कार्यालय गंडई ज्ञापन सौंपा।

इस अभियान का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करना, देश में गौ हत्या पर प्रतिबंध और लावारिस घूम रही गौ माता को उचित संरक्षण प्रदान करना है। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि गौवंश की सुरक्षा हेतु कड़े कानून बनाए जाएं और उन्हें वह सम्मान दिया जाए। तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आम जन उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने एक स्वर में जय गौ माता, जय राष्ट्र माता के नारे लगाए। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि जब तक गौ माता को उनका उचित सम्मान और सुरक्षा नहीं मिल जाती, तब तक यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।



# नोटिस के बाद भी निर्माण कार्य अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी केन्द्रों कुकुरमुड़ा अतरिया में मंड़ी बोर्ड द्वारा करीब 13 लाख का किसान कुटीर का निर्माण किया जा रहा है परन्तु बीते तीन साल में इसका निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। पखवाड़े भर पहले ठेकेदार को मंडी बोर्ड ने नोटिस थमाया था फिर भी निर्माण कार्य जस के तस है। निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती जा रही है। इससे पहले भी ठेकेदार को अनियमितता को लेकर नोटिस दिया जा चुका है फिर भी निर्माण कछुआ चाल पर है।

किसानों के बैठने सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने के लिए कुकुरमुड़ा, विचारपुर, पैलीमेटा सहित कुछ अन्य केन्द्रों में किसान कुटीर का निर्माण प्रस्तावित है ताकि केन्द्र पहुंचने वाले किसानों को सुविधा मिल सके। कुछ स्थानों पर निर्माण पूर्ण हो गया है परन्तु कुकुरमुडा अतरिया में किसान कुटीर का निर्माण अधूरा है। निर्माण में जमकर अनियमितता बरतने की शिकायत कृषक कर रहे है। तीन साल में निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी किसानों ने आपत्ति दर्ज किया था। निर्माण कार्य में पानी की तराई भी नहीं किया गया है। जिससे इसके शीघ्र जर्जर होने की आशंका है।

**ठेकेदार निर्माण कराने में कर रहा कोताही**



**लाभ से वंचित**

किसान कुटीर भवन पूर्ण नहीं होने से कृषक इससे मिलने वाले लाभ से वंचित हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही एवं निर्माण में बरती जा रही लापरवाही के कारण कृषक कुटीर के लाभ से वंचित हैं।

**मौके पर सूचना पटल नहीं**

निर्माण स्थल पर ठेकेदार ने सुचना पटल नहीं लगाया है। निर्माण तीन साल से जारी है परन्तु निर्माण एजेंसी कौन है? इसकी लागत, निर्माण की अवधि, कार्य पूर्ण अवधि संबंधी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है।

## बीपीएस पैरेन्ट्स प्राईड स्कूल के परिणाम घोषित

# टॉप फाइव में आने वाले छात्र- छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

इंग्लिश मीडियम बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल में बीते दिवस परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में क्लॉस में टॉप फाईव में आने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में परिणाम की घोषणा प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने की। क्लॉस नर्सरी सेक्शन ए में गौरव यादव, पूर्वांश साहू, टिया साहू, टिया देवांगन ने प्रथम, श्रुति मंडावी ने द्वितीय तथा मियांशी चापड़े ने तृतीय, सेक्शन बी में काव्या पटेल, पियांशी साहू, तानिश कृपाल ने प्रथम, यथार्थ बोरकर ने द्वितीय तथा साक्षी साहू ने तृतीय, क्लॉस एलकेजी सेक्शन ए में गितांशी यादव, क्षीतिज पांडे, नचिकेत साहू, शशांक ने प्रथम, लव्यांश साहू, शौर्य कौशिक ने द्वितीय तथा प्रिशा देवांगन ने तृतीय, सेक्शन बी में आदित्य साहू, डिम्पल सोनकर, लेशिका साहू, याशिता मरार ने प्रथम, आराध्या साहू, खुशमिता साहू द्वितीय तथा भाविका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




क्लॉस यूकेजी सेक्शन ए में शिवाय साहू, भौमिक पटेल, विशिखा साहू, याचना रावटे ने प्रथम, हेतिका साहू द्वितीय, मान्या देवांगन, अर्पित देवांगन तृतीय, सेक्शन बी में आशुतोष सोनी, काव्या पटेल, काव्या सैनी, प्रतुषा यदु ने प्रथम, निधि साहू द्वितीय, लक्षिता पटेल तृतीय, सेक्शन सी में एकांश चंद्रवंशी, प्रणव झा, विधि महोबिया प्रथम, पियांशु द्वितीय, भूमि साहू, प्रियांशु मेश्राम तृतीय, क्लॉस वन सेक्शन ए में गीतांश साहू, हंशिका साहू, रक्षा गुप्ता, याचना साहू ने प्रथम, लक्ष्य गवर्नर, विधित द्वितीय, हुमीशा हिरवानी, लक्ष्य देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**परिणाम पर छात्रों और पालकों ने जताया संतोष**

इसी प्रकार क्लॉस वन सेक्शन बी में एडिश धनाजी, दिशा पंसारी, ख्याति देवांगन, याचना साहू ने प्रथम, लियांश वर्मा, शिवानी द्वितीय, नुमांशी ठाकुर, तृप्ति पटेल तृतीय, सेक्शन सी में चित्रा सिन्हा, दिव्यांत नेताम, महक साहू, शिवांश श्रीवास्तव ने प्रथम, पूनम उने द्वितीय, जानवी, ओजल तृतीय, क्लॉस टू सेक्शन ए में आयुष धनकर, गगन साहू, प्रियंका साहू, शाश्वत सिंह, शुभ अग्रवाल ने प्रथम, आरूषी धनकर, हेजल साहू, कशिश साहू द्वितीय तथा निहित साहू, नितिन राणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सेक्शन बी में गुंजीता पटेल, मानशी सिन्हा, साक्षी साहू, सेजल गायकवाड़ ने प्रथम, अभिनव झा, नोशिका सिन्हा, तोषण राजपूत द्वितीय तथा हेमराज पटेल, जतीन साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लॉस थर्ड सेक्शन ए में लक्ष्य साहू प्रथम, चंचल रावटे द्वितीय, चुनक्षा साहू तृतीय, सेक्शन बी में अदिती सोनी प्रथम, आरजू खान, दलेश्वर गंजीर, नितिन राजपूत द्वितीय तथा भाव्यांश साहू, हर्षिता साहू, पुलकित साहू तृतीय, सेक्शन सी में प्रिंस कौशिक, तारूणी प्रथम, रूहान बोरकर द्वितीय, कुणाल साहू तृतीय, क्लॉस फोर्थ में लक्षिता पिस्दा, रघुवेन्द्र साहू प्रथम, भावेश सिन्हा, प्रियांशु साहू, अदिति रावटे द्वितीय तथा भाविका साहू ने तृतीय स्थान, सेक्शन बी में खुशबू साहे, टिया देवांगन प्रथम, धैर्य रामटेके द्वितीय तथा काव्या साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# गौ संरक्षण के लिए शहर में निकली रैली, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए गौ सेवा समिति छुईखदान ने रैली निकल कर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन सौंपा। रैली काली माता मंदिर के सामने से निकली। गाजे बाजे साथ भजन गाते हुए नगरवासियों ने गाय माता की सम्मान देने के लिए राष्ट्र माता घोषित करने को मांग की।

इस मौके पर छोटे राजा देवराज किशोर दास ने कहा कि गाय हमारी माता है जिसे राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए। जब तक गाय को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं मिलेगा तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे। हम सभी की मांग है कि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। इस कार्यक्रम में गौ सेवा समिति के अमित यादव, अश्वनी त्रिपाठी, जय जगन्नाथ भजन मंडली के पप्पू चंद्राकर, इशू दुबे, सन्नी महोबिया, आत्माराम चंदेल, शरद श्रीवास्तव, प्रदीप, राहुल यादव, रोशन निषाद, अनूप जैन, विशाल यादव, सोनू चन्द्राकर, धोरण चन्द्राकर, दीपक यादव, मनीष चन्द्राकर, राजा यादव, पप्पू नन्हाउर, अभिन चौहान, दीपांशु चन्द्राकर, सागर चन्द्राकर, झलक यादव, वासु यादव, हिरेन्द्र चन्द्राकर, सुमीत चन्द्राकर, राज चन्द्राकर, मनी निषाद, नरेश यादव, सूरज रजक एवं श्री राम सेवा के सदस्य शामिल हुए। श्री राम गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अमित यादव ने गौ हत्या पूर्णता बंद करने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ सेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू करने की मांग रखी।

# राजगामी संपदा अध्यक्ष का स्वागत

**तुमडीबोड़।** रानी सूर्यमुखी राजगामी संपदा न्यास के नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा नंदू साहू के डोंगरगढ जाने के दौरान ग्राम में परिक्षेत्रीय साहू संघ ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, जमुना साहू, भुवाल साहू, अमरोतन साहू, हेमंत साहू, हेमसिंग साहू, इन्द्रसेन साहू, गरीबा साहू, राधिका साहू, गोपाल साहू, राजेश साहू, प्रीति साहू, ओमप्रकाश साहू, भेखदास साहू, हिरामन साहू, तुकाराम साहू, विक्रम साहू, उमेश साहू, युवराज साहू, बिजेलाल साहू, रामबिलास, भुवनेश्वर, भगत, टुमेश्वर, प्रभात साहू आदि मौजूद थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू नहीं

**सड़क चिरचारी।** चारभाठा के नंदी तालाब वाली सड़क पर प्रशासन की सुस्ती का एक अनोखा नमूना देखने को मिल रहा है। जिला पंचायत ने महीनों पहले पुल की स्वीकृति दी है लेकिन स्वीकृति फाइलों में कैद होकर रह गई है। स्थिति यह है कि महीनों बाद भी प्रस्तावित पुल के निर्माण की शुरूवात नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब मंजूरी मिल चुकी है तो निर्माण में विलंब क्यों किया जा रहा है? स्वीकृति मिलने से किसानों को उम्मीद थी कि इस बार उन्हें हल और ट्रैक्टर ले जाने के लिए जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी, लेकिन पंचायत की इस अनदेखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बहरहाल निर्माण में लेटलतीफी सरकारी मंशा की पोल खोल रही है। ग्रामीणों ने शीघ्रता से पुल निर्माण कराने की मांग की है।

### उदयाचल में 30 को निःशुल्क शिविर

**राजनांदगांव।** उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आम नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 अप्रैल को निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. पंकज पटेल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में घुटनों का दर्द एवं अस्थिरता, कूल्हे के जोड़ का दर्द, पुराने एवं नए फ्रैक्चर, चलने-फिरने में कठिनाई तथा अन्य हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं की जांच होगी। उदयाचल नेत्र चिकित्सालय के प्रभारी पद्मश्री डॉ. पुखराज बफना ने बताया कि एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के विभिन्न विशेषज्ञों की सेवाएं भविष्य में भी उदयाचल में उपलब्ध कराई जाती रहेगी। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं मिलती रहे। उक्त जानकारी उदयाचल सूचना प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा द्वारा प्रदान की गई।

### विलियम शेक्सपियर की 462वीं जयंती मनी

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में विलियम शेक्सपियर की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य धनेश सिन्हा थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने की । श्री सिन्हा ने विलियम शेक्सपियर को न सिर्फ इंग्लैंड के नाटककार बताया बल्कि दुनिया में जितनी भी भाषा है उसमें नाटक एवं कविता का अनुवाद होने के कारण विश्व स्तर के नाटककार एवं साहित्यकार बताया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने शेक्सपियर की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ रेवती ने शेक्सपियर के जीवन से सीखने एवं जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया। इस दौरान धरम सिन्हा, गुलशन, बबिता मेश्राम, तनुजा, ईशा बग्गा, सेजल, उर्वशी वर्मा, वर्षा पटेल, आकांक्षा साहू, सोनिया पटेल, राजेश्वरी यादव, राधिका महोबिया, राजू, मीनू जगबंधु आदि अपने विचार व्यक्त किये। संचालन अतिथि व्याख्याता झरना साहू एवं आभार प्रदर्शन डॉ सपना परिहार ने किया।

भ्रष्टाचार एवं अनियमितता का खामियाजा भुगत रहे शहरवासी

# कमीशन के फेर में उलझा नपा प्रशासन, जनप्रतिनिधि भी जिम्मेदार

## कमीशन की चाह में नियमों को किया जा रहा दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते सालों से जारी भ्रष्टाचार, अनियमितता का खामियाजा शहर की आम जनता को भुगताने का आरोप शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज ने नपा में काबिज भाजपा नेताओं पर लगाया है। उन्होंने कहा कि निविदा टेंडर में बंदरबांट, स्टेशनरी खरीदी, सफाई सामान, जलापूर्ति उपकरण और बिजली के सामानों में अनाप शनाप खरीदी में नपा के जिम्मेदार अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि इतने मशगूल है कि सालों से स्वीकृत काम जमीनी हकीकत तक नही पहुंचा है और आम लोगों की मूलभूत सुविधा में कोई विशेष परिवर्तन नजर नही आया है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ भारद्वाज ने कहा कि सरकारी पैसे का अपव्यय करने में नपा के जिम्मेदार चाहे वो जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी सब के सब आकंठ पूरी तरह से रमे हुए है। नपा को दुकान किराए से मिलने वाले राजस्व, संपति कर समेकित कर के रूप मे मिलने वाली राशि सहित अन्य वो सभी कर जिन्हें वसूलकर आम जनता को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा सकता है उसे दरकिनार कर सब के सब सिर्फ बिना जरूरत वाले सामानों की खरीदी में कमीशन की चाहत को लेकर येन केन प्रकारेण नियमों को तोड़ने मरोड़ने में लगे हुए है।




### कांग्रेसी निकलेंगे मौका देखने

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज ने कहा कि स्थल परिवर्तन को लेकर बीते तीन चार दिनों से शहर में जिस तरह से हो हल्ला मचा हुआ है उसे लेकर पता चला है कि यदि बीते तीन चार सालों के काम का लेखा जोखा निकाला जाए तो हर जगह पर पेंच फंसा नजर आएगा। संचालक स्तर पर अध्यक्ष की शिकायत और जॉच के बाद यदि परते खुलनी शुरू हुई तो पता नही कितने रहस्य खुलेंगे और स्थल परिवर्तन कर काम कराने की दर्जनो शिकायते सामने आएंगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही कांग्रेस नेताओं की टीम वार्ड भ्रमण कर कार्यादेश के हिसाब से चिंहाकित स्थल पर काम हुआ है या नही इसकी पड़ताल करेगी और संबंध मे प्रमाणित दस्तावेजों के साथ संचालक और मंत्रालय स्तर पर शिकायत दर्ज कराकर कारवाई की मांग की जाएगी।

### बरेठपारा का नहीं है पहला मामला

स्थल परिवर्तन को लेकर बीते दिनों शिकायत और जॉच टीम को लेकर भी विभाग को कटघरे में खड़ा करते हुए डॉ भारद्वाज ने कहा कि चार से पांच महीने पहले नेता प्रतिपक्ष ने जेडी आफिस में दस्तावेजी साक्ष्य सहित शिकायत दर्ज कराया था उस पर किसी भी प्रकार की कारवाई आज तक नही हो पाई, लेकिन नपा अध्यक्ष 23 को शिकायत करती है और 24 को आनन फानन मे विभागीय अधिकारी मौका निरीक्षण करने आ जाते है। उन्होंने बताया कि सत्र 24/25 में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को अधोसंरचना मद अंतर्गत कामों के लिए तीन तीन करोड़ रूपयों की स्वीकृति दी थी उसमें खैरागढ़ नपा भी शामिल था। राशि मिलने के बाद नपा ने बकायदा टेंडर मंगाया और निविदा समिति की बैठक मे शहर के बीस वार्डों में 21 जगहों पर सीसी रोड, नाली, हाई मास्क लाइट और मिनी उद्यान का काम कार्य एजेंसी को दिया। उक्त मद से काम के दौरान वार्ड क्रमांक चार में राजेंद्र सिंह गहरवार के घर के बाजू मे सीसी रोड के लिए एक लाख की स्वीकृति साथ ठेकेदार को जून 26 में कार्यादेश जारी किया गया लेकिन राजेंद्र सिंह के घर बाजू बनने वाली सीसी रोड बिना परिषद की जानकारी या विभाग के सक्षम अधिकारी से स्थल परिवर्तन की अनुमति लिए बिना जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बाजू से उचित मूल्य की राशन दुकान तक बन गया और ठेकेदार का काम मूल्यांकन सत्यापन दौरान स्वीकृत राशि से 9 हजार उपर बताने के बाद टीडीएस, जीएसटी काटकर भुगतान भी कर दिया गया।

# हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप



**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच द्वारा रविवार को शहर के गांधी चौक और अनुपम नगर स्थित लेंसकार्ट स्टोर्स के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्टोर के सामने एकत्र होकर अपना विरोध दर्ज कराया और कंपनी के विरुद्ध नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान मंच के कार्यकर्ताओं ने 'भारत में रहना होगा, वंदे मातरम कहना होगा' और 'हिंदुओं का सम्मान करना होगा' जैसे नारों के साथ अपना आक्रोश व्यक्त किया। संगठन के नेताओं ने आरोप लगाया कि लेंसकार्ट द्वारा ऐसी गतिविधियां की जा रही है। जिनसे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आस्था और धर्म का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन गतिविधियों पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में संगठन और भी उग्र रूख अख्तियार करेगा।

### उपस्थित रहे कार्यकर्ता

विरोध प्रदर्शन में सुशील लड्ढा, प्रभात गुप्ता, सविता बोस, रिंकू तिवारी, दिनेश झूलन, कुबेर साहू, महेंद्र जंघेल, जुगल गुप्ता, ऋषभ मल, मनोज गोलछा, अरुण राय, राकेश कसार, आशीष टिंकू सोनी और मुकेश सोनी सहित ज्योति खंडेलवाल, निकिता मिश्रा, अनीता सिन्हा, ममता शर्मा, अर्चना अग्रवाल और मंजू रानी साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। संगठन का कहना है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने उचित वैधानिक कार्रवाई आवश्यक है। मंच ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज में धार्मिक सौहार्द्र बनाए रखना है, लेकिन यह हिंदू समाज के मान-बिंदुओं की अनदेखी कर संभव नहीं है।

# सही दवा, शुद्ध आहार अभियान शुरू पखवाड़ेभर चलेगा सघन जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 27 से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान प्रारंभ किया गया है। सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अंतर्गत चलाए जा रहे इस अभियान में जिले भर में व्यापक निरीक्षण और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों, मेडिकल स्टोर्स सहित अन्य संबंधित स्थानों पर जांच कर नमूने लिए जाएंगे। मिलावटी खाद्य पदार्थों और नकली दवाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों को सुरक्षित खाद्य पदार्थों के उपयोग, पौष्टिक आहार अपनाने व प्रमाणित दवाओं के सेवन के प्रति जागरूक किया जाएगा।

अभियान कलेक्टर के मार्गदर्शन में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार संचालित होगा। इसमें अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, औषधि निरीक्षक के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम भी शामिल रहेगी।



### खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

27 अप्रैल से 11 मई तक विशेष सघन जांच अभियान दौरान गठित खाद्य एवं औषधि प्रकोष्ठ के दलों ने जिले में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में जिले के लगभग 20 गुपचुप, मोमोस व गन्ना रस केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर संचालकों को समझाइश दी गई और साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अभियान तहत सावरिया बादाम शेक सेंटर से बादाम शेक का 1 सर्विलांस नमूना भी संकलित किया गया, जिसे जांच को लेकर प्रयोगशाला भेजा जाएगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों से स्वच्छता बनाए रखने, निर्धारित मानकों का पालन करने की अपील की है ताकि आमजन को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बाधा पर जिला पंचायत का निंदा प्रस्ताव, किया विरोध प्रदर्शन

- जिपं की बैठक में विपक्ष के खिलाफ जमकर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिला पंचायत की बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत प्रस्तावित संशोधनों में कथित बाधा उत्पन्न करने को लेकर विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कड़े शब्दों में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से इस मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त किया गया था, जो देश की आधी आबादी को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उनका आरोप था कि विपक्ष ने इस प्रक्रिया में बाधा डालकर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। विपक्ष के रवैये की आलोचना करते हुए उन्होने इसे नकारात्मक राजनीति करार दिया। उनका कहना था कि जहां केंद्र सरकार महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, वहीं विपक्ष इस दिशा में रुकावट पैदा कर रहा है। सदस्यों ने इसे महिलाओं के उत्थान में बाधा बताते हुए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। जिपं सदस्यों ने कहा कि यह विधेयक देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसे रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और महिलाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ के समान है। बैठक बाद सभी काली टोपी पहनकर विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने चेतावनी दी कि महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर जिला पंचायत जन-जन तक पहुंचेगी और विरोध जारी रखेगी।

### इस मुद्दे पर जारी रहेगा संघर्ष

जिपं अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संघर्ष जारी रहेगा और इस तरह के कृत्य लोकतंत्र के इतिहास में नकारात्मक उदाहरण के रूप में याद किए जाएंगे। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री शशांक ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, दिनेश वर्मा, अरुणा सिंह बनाफर, जमुना कुर्रे, हेमा मंडावी, निजाम मंडावी, नरेश कुर्रे उपस्थित थे।

# 25 पंचायतों को अटल डिजिटल सुविधा



**खैरागढ़।** जिले की ग्राम पंचायतों के विकास को गति देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को गौण खनिज से प्राप्त राशि से 25 पंचायतों के लिए 1 करोड़ 25 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से क्षेत्र की ग्रामीण व्यवस्थाओं को मजबूती मिलने के साथ-साथ डिजिटल सेवाओं का विस्तार भी सुनिश्चित होगा। जानकारी के अनुसार प्रत्येक चयनित छुईखदान जनपद के ग्राम पंचायत आमगांव ब, अचानकपुर, आमगांव घ, अतरिया, बागुर, बरबसपुर, भाजीडोंगरी, भरदागोड़, भोरमपुर, भुरभुसी, बिरनपुरकला, बीरुटोला और बोरई सहित खैरागढ़ जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमदनी, अमलीडीह कला, बाजार अतरिया, अवेली, बैगाटोला, बैहाटोला, बाजगुड़ा, बरबसपुर, बेन्द्रीडीह, भंडारपुर, भरदाकला व भूलाटोला मे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित करने पांच पांच लाख की स्वीकृति दी गई है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को कई शासकीय सेवाएं डिजिटल रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी।

### जताया आभार

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेय को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कार्य कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को अब अपने ही गांव में विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### बसों की कमी से यात्री बेहाल

**तुमड़ीबोड़।** क्षेत्र में इन दिनों शादी सीजन का असर साफ देखने मिल रहा है। अधिकांश बसें बारात आदि के लिए बुक होने के कारण आम यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंडों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ रही है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग तपती गर्मी में घंटों बस का इंतजार करने मजबूर हैं। डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया और चिचोला आदि रूटों के यात्रियों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है हालात ऐसे हो गए है कि लोगों को 40- 50 किलोमीटर दूर से अपने परिजनों को निजी वाहनों से बुलाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे पर स्थित इस ग्राम से खैरागढ़, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी होते हुए महाराष्ट्र और नागपुर की ओर लोग सफर करते है। बसों की कमी के कारण ऑटो चालक फायदा उठा रहे है।

# कार्यालयीन समय में शराब सेवन, सहायक ग्रेड-2 निलंबित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालयीन समय में शराब का सेवन कर कर्तव्य पर उपस्थित होने पर सहायक ग्रेड-2 राधेश्याम ठाकुर पर कड़ी कार्रवाई करते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड-2 राधेश्याम ठाकुर कार्यालयीन समय में शराब का सेवन कर ड्यूटी पर उपस्थित पाया गया। पूछताछ के दौरान उनका व्यवहार भी अनुचित पाया गया। इसके अतिरिक्त मेडिकल परीक्षण हेतु भेजे जाने की प्रक्रिया के दौरान बिना सक्षम अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित हो गया। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 7 के प्रतिकूल पाया गया।

कृत्य को गंभीर अनुशासनहीनता मानते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत राधेश्याम ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सीडीपीओ कार्यालय छुरिया निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में निकाली गई गौ सम्मान रैली

# गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में गौ सम्मान अह्वान अभियान अंतर्गत गौ सम्मान रैली निकाली गई तथा तहसील कार्यालय पहुंचकर सक्षम अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने तथा भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने प्रार्थना पत्र सौंपा गया।

शहर के गायत्री मंदिर सुभाष द्वार से गौ सम्मान रैली निकाली गई। रैली में गौमाता की उपयोगिता व महत्ता से संबंधित पाम्पलेट्स बांटे गए। विभिन्न पोस्टर, बैनर एवं तख्तियों के माध्यम से गौवंश को भारत की धार्मिक, आर्थिक एवं सामाजिक जरूरत को समझाने का प्रयास किया गया।

रैली भारत माता चौक, हलवाई लाइन, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक एवं महावीर चौक होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची, जहां एसडीएम गौतम पाटिल को 2000 से अधिक लोगों के नाम, मोबाइल नंबर एवं हस्ताक्षर के साथ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपा गया।

गौ सम्मान रैली में गायत्री परिवार, योग वेदांत सेवा समिति, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गौ सेवा गतिविधि, पंचगव्य डॉक्टर असोसिएशन, महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय पुजारी-पुरोहित संघ, ब्राम्हण समाज, गुप्ता समाज, महेश्वरी समाज, जैन समाज, देवांगन समाज, साहू समाज सहित अन्य समाज के सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। रैली पदयात्रा में बड़ी संख्या में समाजसेवी, वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन, गौभक्त, गौ सेवक एवं गौ प्रेमी शामिल हुए।

### गौ सम्मान अभियान

गौ सम्मान अह्वान अभियान के तहत देशभर में 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। देशभर के 5000 से अधिक तहसील मुख्यालयों में रैली निकालकर भारतीय देशी गौवंश को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र सौंपा गया। अभियान का प्रमुख उद्देश्यों में देशी गौवंश संरक्षण, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौसेवा हेतु केंद्रीय कानून, केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय की स्थापना, गोचर बोर्ड गठन, चारा सुरक्षा नीति, गौ आधारित कृषि को बढ़ावा तथा पंचगव्य उत्पादों के निर्माण एवं विपणन को प्रोत्साहन शामिल है।

# इलिजियम का परीक्षा परिणाम सौ फीसदी, डायरेक्टर ने किया उत्साहित




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के दाऊचौरा स्थित इलिजियम स्कूल का परीक्षा परिणाम डायरेक्टर डॉ अरुण भारद्वाज द्वारा घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक सालाना परीक्षा परिणाम को जानने बच्चो के साथ पालकों में भी खासा उत्साह रहा।

डायरेक्टर डॉ अरुण भारद्वाज, मिस्ट्रेस माधुरी नामदेव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अगली कक्षा में और भी अधिक अंकों उत्तीर्ण होने कहा। शहर के अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षा की उच्च गुणवत्ता की और माधुरी नामदेव के बेहतरीन प्रबंधन के चलते सालाना परीक्षाफल सौ फीसदी रहा। कक्षा नर्सरी से यशी साहू प्रथम, मीका सारथी द्वितीय, केजी वन ए से अनुग्रह व काव्य सारथी प्रथम और धारिका यादव द्वितीय, केजी वन बी से गर्विक वर्मा व सूर्यांश वर्मा प्रथम और आयांश सोनी द्वितीय, केजी टू से डेनियल सारथी, दर्शित ढीमर व हर्षित सिंह प्रथम और हमारा खान द्वितीय क्लास वन से ओमकार देवांगन प्रथम, हर्ष वर्मा द्वितीय, क्लास 2 से रुद्राक्ष प्रजापति प्रथम, भावना देवांगन द्वितीय, क्लास थर्ड से गौरव मणिगाम प्रथम , आदर्श पटेल द्वितीय, क्लास फोर्थ से सत्यम देवांगन प्रथम, वंशदास साहू द्वितीय, क्लास सिक्स से एकता देवांगन प्रथम, सेजल देवांगन द्वितीय, क्लास 7 से हिमांशी बर्मन व इशिका देवांगन खान प्रथम, लक्ष्मणी यादव को द्वितीय स्थान मिला। सभी बच्चों को स्टाफ ने बधाई दी।

## सार समाचार



### वैष्णव समाज ने रमन का ज्ञापित किया धन्यवाद

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव वैष्णव समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह को समाज के मनोज निर्वाणी को राजगामी सम्पदा न्यास का उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार वैष्णव, देवकुमार निर्वाणी, गंगादास वैष्णव, दिग्विजय दास वैष्णव, सौरभ निर्वाणी, रजत वैष्णव, भोला वैष्णव, वैभव निर्वाणी, आकाश दास वैष्णव, साकेत दास वैष्णव, प्रज्ञा निर्वाणी, मनोज निर्वाणी, दिलीप दास वैष्णव, आकाश दास वैष्णव, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव व कृष्ण कुमार वैष्णव ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं देवकुमार निर्वाणी ने गीता तथा नारियल भेंट कर रमन सिंह का अभिवादन किया।

### जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला जेल राजनांदगांव में 22 अप्रैल को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन अमित जिन्दल द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव ने किया। अमित जिंदल ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार व्यक्ति को अनेक अधिकार दिए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 35 (1) (ख) में प्रावधान है कि 7 साल तक के दंड के मामलों में विशेष कारण होने पर ही किसी को गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 36 (ग) के अनुसार गिरफ्तारी की सूचना गिरफ्तार व्यक्ति के उस नातेदार या व्यक्ति को दी जाने के अधिकार की जानकारी दी जाएगी। जिसको वह व्यक्ति बताए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 38 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी पसंद के अधिवक्ता से पूछताछ के दौरान समय-समय पर मिलने का अधिकार होगा।



## 20 दिन बाद पटरी पर समता और गोंडवाना

# दिल्ली के लिए अब दिन में 4 ट्रेन, कन्फर्म जून के बाद ही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

20 दिन के लंबा इंतजार के बाद एक बार फिर समता, गोंडवाना और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पटरियों पर लौट आई है। इसके बावजूद राजधानी से दिल्ली का सफर यात्रियों के लिए आसान नहीं हुआ है। ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से अब दिनभर में दिल्ली के लिए चार ट्रेनों की सुविधा तो मिल गई है, लेकिन यात्रियों की भारी भीड़ के कारण स्लीपर से लेकर थर्ड एसी तक की बुकिंग फुल चल रही है।

पूरा मई का महीना वेटिंग में है और यात्रियों को 1 जून के बाद ही दिल्ली के लिए कन्फर्म टिकट मिल पा रहे हैं। स्थिति यह है कि यात्रा की तारीख से एक से दो दिन पहले ही ट्रेनों में बुकिंग बंद हो जा रही है। वहीं तत्काल टिकट भी चंद मिनटों में ही खत्म हो रहे हैं। ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 50 से 80 के पार पहुंच गई है। जिससे टिकट के कन्फर्म होने की संभावना शून्य के बराबर रह गई है। अब स्लीपर और एसी दोनों ही कोच में वेटिंग का भारी दबाव एक समान हो चुका है।




### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का संचालन शुरू

गोंदिया स्टेशन पर नए ट्रैक के काम के चलते बीते 5 अप्रैल से रद्द चल रहे एक्सप्रेस अब 25 अप्रैल के बाद पटरियों पर लौट गयी है। 26 अप्रैल से इस ट्रेन का परिचालन दोबारा शुरू हो गया है लेकिन यात्रियों की परेशानी कम होती नजर नहीं आ रही है। ट्रेनों के इतने दिनों तक रद्द रहने के कारण बुकिंग का दबाव इतना अधिक बढ़ गया है कि अप्रैल और मई माह की यात्रा के लिए स्लीपर और सेकंड एसी कोच में बुकिंग पूरी तरह से बंद (रिग्रेट) हो चुकी है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है।

### स्पेशल ट्रेनों के बाद भी कन्फर्म टिकट नहीं

रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें चलाए जाने के बावजूद दिल्ली जाने वाले यात्रियों को आसानी से कन्फर्म टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ट्रेनों के लौटने के बाद हरिभूमि ने दिल्ली रूट की बुकिंग स्थिति का जमीनी जायजा लिया। समता और गोंडवाना एक्सप्रेस 20 दिन के लंबे अंतराल के बाद पटरियों पर वापसी कर ली है। लेकिन 28 अप्रैल की सुबह से ही गोंडवाना एक्सप्रेस के सभी कोच में बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी थी। इसी तरह समता एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 74 और थर्ड एसी में 70 की लंबी वेटिंग चल रही है। ट्रेनों की संख्या बढ़ने के बाद भी यात्रियों को कन्फर्म सीट के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

### कलकत्ता रूट में जून तक कन्फर्म टिकट का टोटा

दिल्ली के साथ-साथ अब रायपुर से होकर कलकत्ता जाने वाली ट्रेनों में भी यात्रियों की भारी भीड़ के चलते नो-रूम की स्थिति बन गई है। गीतांजलि एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद और हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में टिकटों की मांग इतनी अधिक बढ़ गई है कि यात्रा की तारीख से तीन दिन पहले ही बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है। लगातार बढ़ रहे दबाव के कारण इन ट्रेनों के स्लीपर सहित सभी प्रमुख कोचों में मई माह तक टिकट मिलना लगभग नामुमकिन हो गया है। अत्याधिक वेटिंग के चलते रेलवे को इन तिथियों के लिए बुकिंग रोकनी पड़ी है।

## व्याख्याता थंगेश्वर सम्मानित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2025 - 26 का आयोजन 25 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद प्रो. जेएन पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से 160 शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसमें राजनांदगांव जिले से राज्यपाल पुरस्कार 2026 के लिए चयनित शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता शा.उ.मा.विद्यालय तिलईरवार विकासखंड डोंगरगांव को यह सम्मान से सम्मानित किया गया।






## महिला आरक्षण की अनदेखी पर जिला पंचायत में निंदा प्रस्ताव

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सभा गृह में मंगलवार को महत्वपूर्ण सामान्य सभा का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें महिला आरक्षण (33 प्रतिशत) से जुड़े राष्ट्रीय मुद्दे पर व्यापक चर्चा करते सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने देश की आधी आबादी के अधिकारों की अनदेखी पर गहरी चिंता और असंतोष व्यक्त किया।

बैठक में जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने हेतु नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल की गई थी। यह विधेयक न केवल महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम भी है। बैठक में उल्लेख किया गया कि विपक्ष के विरोध के चलते यह महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो सका, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इससे महिलाओं की आवाज को सदन में अपेक्षित स्थान नहीं मिल पा रहा है, जो लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, सभापति अनीता मंडावी, शीला सिन्हा, देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### महिलाओं का अधिकार करें सुनिश्चित

सभा में सदस्यों ने कहा कि महिला आरक्षण (33 प्रतिशत) बिल केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह नारी सम्मान, समानता, अधिकार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। लंबे समय से इस बिल का लंबित रहना यह दर्शाता है कि महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है, जिसे अब और अधिक समय तक स्वीकार नहीं किया जा सकता। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक महिलाओं को राजनीति में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा, तब तक समाज और शासन की संरचना संतुलित नहीं हो पाएगी। महिलाओं की भागीदारी से ही नीतियों में संवेदनशीलता, समावेशिता और वास्तविक विकास संभव है, इसलिए यह आवश्यक है कि इस विधेयक को प्राथमिकता के साथ पारित कर महिलाओं को उनका अधिकार सुनिश्चित किया जाए।






## खबर संक्षेप

### अशोका स्कूल में श्रीश्री बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ

**कवर्धा।** अशोका पब्लिक स्कूल में श्री श्री बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ अत्यंत पावन एवं प्रेरणादायी वातावरण में किया गया। इस हेतु विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं सारिका देवांगन बेंगलुरु जाकर पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर से मिले तथा उनके आर्शीवाद एवं आज्ञा से इस केंद्र की शुरुआत की गई। इस पावन मिलन ने विद्यालय परिवार को नई ऊर्जा, दिशा एवं प्रेरणा प्रदान की। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के अनुसार, जैसे पौधों को पूर्ण रूप से विकसित होने के लिए जल की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार बच्चों में मानवीय मूल्यों के विकास हेतु संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री बाल संस्कार केंद्र का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन, ध्यान द्वारा एकाग्रता एवं आंतरिक शांति, तथा नैतिक शिक्षा के माध्यम से अनुशासन, सम्मान, जिम्मेदारी और करुणा जैसे गुणों का विकास कराया जाएगा।

साथ ही व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे बच्चे भारतीय परंपराओं और संस्कारों से जुड़ सकें। इसी क्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में 29 अप्रैल से 2 मई तक कवर्धा में कलर्स ऑफ जॉय नामक 4 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### जनता पर बोझ नहीं, विकास पर फोकस: नपाध्यक्ष चंद्रवंशी का दूसरा बजट पेश

# बिना नए टैक्स का बजट, शहर को आधुनिक बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करते हुए विकास को नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। बजट प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और जनआकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर विकास की उंचाईयों को आगे बढ़ायेगा। प्रस्तुत बजट को परिषद की सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया।

अध्यक्षीय कार्यकाल का दूसरा बजट विकास, विश्वास और जनसेवा की भावना पर आधारित है। नगर पालिका परिषद जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए हर वर्ग के हितों का ध्यान रखेगी और कवर्धा को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त शहर बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेगी। बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नही किया गया है उन्होनें बजट पूर्व परंपरा अनुसार राष्ट्रगान व राजगीत की धुन से कार्यवाही शुरू की।

नपाध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सड़क एवं नाली निर्माण, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, उद्यानों के विकास तथा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कवर्धा तेजी से विकसित हो रहा शहर है और आने वाले वर्षों में इसे आधुनिक एवं व्यवस्थित नगर के रूप में पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनता के विश्वास और सहभागिता से ही विकास का यह संकल्प पूर्ण होगा। इस प्रकार आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित आय व्यय पत्र बजट प्रस्तुत किया गया है इसमें वर्ष 2026-27 हेतु अनुमानित आय 9397.18 लाख तथा व्यय 9380.70 प्रस्तावित किया गया है इस प्रकार बजट में 16 लाख 47 हजार का लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया है।

#### शहर के 10 चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत करपात्री चौक, संतगाडगे चौक, सहस्त्र बाहु चौक, करपात्री चौक, मिनीमाता चौक, शहीद कौशल यादव चौक, परशुराम चौक, झंडा चौक, ऋषभ देव चौक का सौंदर्यीकरण, तालाबों का सौंदर्यीकरण में रेवाबंद तालाब, बावा तालाब, डबरी तालाब, वार्ड क्रं. 26 स्थित तालाब का जीर्णोद्धार कार्य होगा। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने अपने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विकास के लिए इस बजट शहर विकास के लिए अनुमानित लागत राशि का बजट प्रस्तुत किया गया है जिसमें शासन से राशि मांग के अनुरूप कार्य कराया जाना प्रस्तावित रहेगा। उन्होनें अधोसंरचना विकास अंतर्गत आवश्यकतानुसार शहर के वार्डो में सीसी रोड, नाली निर्माण, पुराने डिवाईडरों का जीर्णोद्धार एवं नवीन डिवाईडर का निर्माण, डिवाईडरों में लगे पुराने पोल का हटाकर नवीन पोल एवं 400 नग नया स्ट्रीट लाईट पोल की स्थापना कार्य, राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे नवीन मछली एवं मटन मार्केट का निर्माण किया जाएगा।

#### स्वच्छता के क्षेत्र होगा अनुकरणीय पहल

स्वच्छता के क्षेत्र में नवीन एसटीपी (सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निर्माण, कवर्धा शहर के प्रमुख नालियों का डेनेज सिस्टम तैयार किया जाना, पुराने एसटीपी प्लांट का जीर्णोद्धार कार्य, घर-घर कचरा संग्रहण हेतु नवीन डस्टबीन का वितरण, डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु ऑटा, टिप्पर की व्यवस्था करना, घर-घर कचरा संग्रहण पश्चात कचरो का पुर्नचक्रीकरण (रिसाईकलिंग कार्य) हेतु नवीन प्रोससिंग प्लांट की स्थापना ताकि प्लास्टिक कचरों से मुक्ति मिले।

# किसानों का गन्ना फसल भुगतान शीघ्र किया जाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत संचालित सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में किसानों द्वारा बेचे गए वर्ष 2025-26 के गन्ने का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे क्षेत्र के किसानों को गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि गन्ना उत्पादन में उन्होंने कड़ी मेहनत और लागत लगाई है, लेकिन समय पर भुगतान न मिलने से उनकी स्थिति दिन-ब-दिन कठिन होती जा रही है। वर्तमान समय में शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है, साथ ही खेती-किसानी के लिए खाद, बीज एवं अन्य जरूरी संसाधनों की भी आवश्यकता है। ऐसे में किसानों को पैसों की सख्त जरूरत है। कई किसान पहले से लिए गए कर्ज और ब्याज को चुकाने के दबाव में हैं, ताकि वे नई फसल के लिए केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के तहत ऋण प्राप्त कर सकें। किसानों का आरोप है कि शासन-प्रशासन को इस स्थिति की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

इससे किसानों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि गन्ना फसल तैयार करने में खून-पसीना एक करना पड़ता है, लेकिन भुगतान में देरी उनके परिश्रम का उचित मूल्य नहीं मिलने जैसा है। क्षेत्र के किसानों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द गन्ना भुगतान किया जाए, ताकि वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें और आर्थिक संकट से उबर सकें। समय पर भुगतान मिलने से किसानों को राहत मिलेगी और वे आगामी खेती कार्यों को भी सुचारु रूप से कर पाएंगे।

# सोनबरसा में 3 दिवसीय सतनाम मेला का भव्य आयोजन आज से

## गुरूघासीदास के संदेश जन-जन तक पहुंचना मुख्य उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड के ग्राम सोनबरसा में 29 अप्रैल से 01 मई तक तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजन किया जा रहा हैं, इस दौरान समाज के लोगों द्वारा गुरु की प्रार्थना कर अच्छे कार्य करने का संकल्प लेंगे। सतनाम मेले का शुरुआत गुरु घासीदास की सत्य अहिंसा के प्रतीक जोडा जैतखाम, अमर ज्योति कलश जो 15 वर्षो से जल रहा हैं व गुरु गद्दी की स्थापना कर मेला का शुभारंभ किया जाएगा, इस दौरान गुरु की प्रार्थना करते हुए सतनाम अनुयायियों ने अच्छे कार्य करने का दृढ़ संकल्प लेंगे।

मेले में सतनाम पंथ के प्रमुखों व अनुयायियों के द्वारा तीन दिनों तक जोड़ा नारियल को हाथ में रखकर अमर ज्योति कलश तक भुइयां नापते है, तीन दिनों तक गांव में गुरु घासीदास बाबा का सभी श्रद्धालुओ के लिए भव्य भंड़ारा का आयोजन रखा जाता हैं, इस वर्ष भी भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। पं तिहारू कोसले ने बताया की मनखे-मनखे एक समान का संदेश जन-जन तक पहुंचने के लिए हर वर्ष विभिन्न पंथी पाटियो द्वारा जन जागृति पैदा व मांदर के धुन पर कलाकारों के द्वारा सत्य, अहिंसा, शांति, एकता और भाईचारे के संदेशों का प्रचार-प्रसार सतनाम मेले के माध्यम से मानव समाज को जगाने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान समाज के लोगों के द्वारा गुरु की प्रार्थना कर हर वर्ष अच्छे कार्य करने का संकल्प लेते हैं।

#### मेले में उमड़ेगा हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब

तीन दिवसीय सतनाम मेले में लोगों का जन-सैलाब उमड़ेगा। क्योंकि सतनाम पंथ के अनुयायियों के आस्था का प्रतीक ग्राम सोनबरसा धाम में भव्य गुरुद्वारा और जोड़ा जैतखाम का निमार्ण हुआ है, जिसको देखने के लिए पंथ के लोग और अन्य समाज के लोग आसपास गांव के लोग दूर-दराज के श्रद्धालु लोग पहुंचकर बाबा के दरबार में आर्शीवाद लेगें।

#### तीनों दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित

तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस 29 अप्रैल बुधवार सुबह 7:00 बजे से गुरु गद्दी की पूजा अर्चना एवं शाम 6:00 बजे से पंथी नृत्य एवं रात्रि 8:00 बजे से चौका मंगल आरती पंडित तिहारू कोसले द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, द्वितीय दिवस 30 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से गुरु गद्दी पूजा अर्चना एवं शाम 7:00 बजे से सतनाम की वाणी पंथी पार्टी धरमपुर जिला मुंगेली की द्वारा प्रस्तुति और रात्रि 10:00 बजे से सतनाम भजन रज्जू मनचला शशि रंगीला, कार्तिक साहू, सागर संगम बुद्धि सागर की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी जाएगी तथा समापन समारोह तीसरा 1 मई सुबह 7:00 बजे से गुरु गद्दी की पूजा अर्चना दोपहर 2:00 बजे से राजनंदनी गुरु दीदी प्रियंका एवं बाल रिपू दमन के कर कमलो द्वारा गुरु गद्दी पूजा अर्चना एवं जोड़ा जैतखाम में श्वेत का पालो चढ़ाया जाएगा शाम 4:00 बजे से गुरु दर्शन गुरु वाणी शाम 7:00 बजे से सत्य के प्रकाश पंथी पार्टी ग्राम छिरहा की प्रस्तुति और रात्रि 10:00 बजे से सतनाम भजन सनम टंडन द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

# पूनम तिवारी नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित, बढ़ा जिले का मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रायपुर में आयोजित गरिमामय समारोह में कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा की व्याख्याता श्रीमती पूनम तिवारी को उनके उत्कृष्ट एवं नवाचारी शैक्षणिक योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

उन्हें राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025-26 से अलंकृत किया गया, जिससे जिले का गौरव बढ़ा है। यह आयोजन नवाचारी गतिविधियां समूह भारत की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 25 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद जेएन पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में संपन्न हुआ। समारोह में प्रदेशभर से चयनित 160 शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ बी रघु (उप सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल), एके सारस्वत (उप संचालक, समग्र शिक्षा), हिमांशु भारती (जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर), अरुण कुमार शर्मा (डीएमसी) एवं सुचिता पाण्डेय (प्राचार्य) सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने चयनित शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

जिससे कबीरधाम जिले से इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पूनम तिवारी का चयन हुआ, जिन्होंने अपने नवाचारी शिक्षण प्रयोगों से विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को अधिक प्रभावी, रोचक और परिणामोन्मुख बनाया है।

#### कड़े चयन के बाद मिला सम्मान

समूह के अनुसार इस सम्मान के लिए देशभर से 700 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें छत्तीसगढ़ से 400 से ज्यादा नामांकन शामिल थे। बहु-स्तरीय जांच, साक्षात्कार, दस्तावेज सत्यापन और क्रॉस इंटरव्यू के बाद श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन किया गया। नवाचारी गतिविधियां समूह भारत वर्ष 2017 से शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए कार्यरत है। यह मंच शिक्षकों को अपने नवाचार साझा करने का अवसर प्रदान करता है तथा स्वयंसेवी प्रयासों के माध्यम से कार्यक्रमों का संचालन करता है। यह सम्मान न केवल पूनम तिवारी के व्यक्तिगत योगदान की मान्यता है, बल्कि कबीरधाम जिले और भालुचुवा विद्यालय परिवार के लिए भी गौरव का विषय है।

### दूसरे बजट में लोगों के लिए कुछ नहीं: दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नगर पालिका का दूसरा बजट भी सवालों के घेरे में, विकास कार्यो पर उठे गंभीर सवाल नगर पालिका के बजट को लेकर एक बार फिर सियासत गरमा गई है। पिछले वर्ष बड़े-बड़े दावों और करोड़ों रुपए के प्रावधानों के साथ पेश किया गया पहला बजट अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका, और अब दूसरे बजट को लेकर भी जनता में निराशा का माहौल देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 08 के पूर्व पार्षद प्रत्याशी दीपक ठाकुर ने नगर पालिका के दोनों बजटों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनता को गुमराह करने वाला बताया है। उनका आरोप है कि पिछले बजट में शहर के विकास और विश्वास का दावा करते हुए कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा की गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नजर नहीं आया। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 08 के शंकर नगर में परशुराम चौक से गंगानगर होते हुए तालाब तक गौरव पथ निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जो आज तक अधूरा है। वहीं कैलाश नगर वार्ड क्रमांक 02 से जेवडन मार्ग तक गौरव पथ निर्माण की योजना शुरू भी नही हुआ है।

# पीजी कॉलेज में करियर मार्गदर्शन अप्रेंटिसशिप योजना की दी जानकारी

- विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के डॉ अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में सत्र को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया गया, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी डॉ राकेश चंदेल ने निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। मुख्य वक्ता एवं मास्टर प्रशिक्षक सोनू उइके (संपर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान सेवा, भारत सरकार) ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना की विस्तृत जानकारी दी तथा ऑनलाइन पंजीयन भी कराया। उन्होंने बताया कि यह योजना विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और औद्योगिक अनुभव प्रदान करती है। पढ़ाई के साथ कमाई की अवधारणा पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अध्ययन के दौरान ही कार्यानुभव प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं।



कार्यक्रम के दौरान रोजगार के अवसर, कौशल विकास, अप्रेंटिसशिप प्रक्रिया तथा पंजीयन की विधि पर विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को बदलते समय की मांग के अनुरूप तैयार करने में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इन अवसरों का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में संयोजक डॉ राकेश चंदेल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के करियर उन्मुख कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### गर्मी से त्रस्त लोगों को बारिश ने दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सोमवार शाम शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दिनभर की तेज धूप और भीषण गर्मी के बाद शाम होते-होते हल्की से तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के कारण कुछ समय के लिए धूल का गुबार छा गया, जिससे लोगों को परेशानी भी हुई, लेकिन इसके तुरंत बाद हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया।

बारिश की बूंदों ने तपती धरती को ठंडक पहुंचाई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से परेशान लोगों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी। हालांकि तेज हवा के कारण कुछ जगहों पर पेड़ की डालियां टूटकर गिर गईं और बिजली आपूर्ति भी थोड़ी देर के लिए बाधित रही, लेकिन कोई बड़ी जनहानि व अप्रिया घटना की जानकारी नहीं हुई। कुल मिलाकर, इस बारिश ने गर्मी से बेहाल लोगों को राहत पहुंचाई और मौसम को सुखद बना दिया।

# तरणताल-कवर्धा में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इंडोर स्टेडियम के तरणताल (स्विमिंग पूल) में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 6 वर्ष से लेकर 20 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इसके अंतर्गत 10 वर्षीय बालक वर्ग में प्रथम स्थान कृतज्ञ, द्वितीय स्थान अथर्व और तृतीय स्थान आर्यन ने प्राप्त किया। जिसमें 10 वर्षीय बालिका वर्ग में सवीक्षा ने प्रथम, प्रिसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त की। वहीं 14 वर्षीय बालक वर्ग से मयंक ने प्रथम, मनन साहू द्वितीय, शीशम कौशिक तृतीय स्थान पर रहे। तथा 14 वर्षीय बालिका वर्ग में आराध्या गुप्ता प्रथम, रियाना फिग्राडे द्वितीय, रेचल फिग्राडे तृतीय स्थान प्राप्त की। साथ ही 20 वर्षीय बालक वर्ग में अहम ने प्रथम, सार्थक ने द्वितीय स्थान पाया तथा 20 वर्षीय बालिका वर्ग में रानी प्रथम स्थान पर विजेता घोषित हुई। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार चंद्राकर डीएसपी कबीरधाम एवं राजेश आदिले, श्रीमती गायत्री आदिले के करकमलो से शील्ड प्रदान किया गया। तरणताल के इस प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका राष्ट्रीय स्तर के तैराक राजेश निर्मलकर ने निभाया एवं समस्त इवेंट तरणताल के जीवन रक्षक टीम सदस्य विशाल, मिथलेश, रितेश, ओमप्रकाश, शीतल और तरणताल के मैनेजर कलेसरी आरमो के सुरक्षा निगरानी में सफल हुआ।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**राहत: वैवाहिक सीजन और आगामी फसल की तैयारियों में मिलेगी मदद**

# गन्ना किसानों को मिली बड़ी राहत 13.80 करोड़ रुपए का भुगतान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

खबर का असर

हरिभूमि द्वारा गन्ना उत्पादक किसानों की भुगतान से जुड़ी गंभीर समस्या को लगातार प्रमुखता से उठाए जाने के बाद भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना द्वारा किसानो को 13.80 करोड़ रुपए का भुगतान जारी किया है। हालांकि अभी भी लगभग आधा भुगतान शेष है जबकि पंडरिया सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के पंजीकृत किसानो का भुगतान अभी भी अटका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गन्ना किसानों को एन वैवाहिक सीजन और आगामी फसल की तैयारियों के बीच बड़ी राहत मिली है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना, राम्हेपुर द्वारा किसानों को 13.80 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इसके साथ ही चालू पेराई सत्र में अब तक कुल 71.29 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, जिससे किसानों में खुशी और भरोसे का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया निरंतर जारी है और समयबद्ध भुगतान से सहकारी व्यवस्था में किसानों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

### भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना बढ़ा उत्पादक




चालू पेराई सत्र में कारखाने ने उत्पादन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अब तक 2,55,818 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे 3,09,120 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह सफलता किसानों के सहयोग, प्रशासनिक मार्गदर्शन और कारखाने की कुशल कार्यप्रणाली का परिणाम मानी जा रही है। भोरमदेव शक्कर कारखाना किसानों और श्रमिकों के हित में निरंतर पहल कर रहा है। एफआरपी के अतिरिक्त रिकवरी आधारित भुगतान, शासन द्वारा बोनस वितरण, रियायती दर पर शक्कर उपलब्धता, उन्नत बीज और कृषि मार्गदर्शन जैसी योजनाएं किसानों को लाभान्वित कर रही हैं। इसके साथ ही नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी दी जा रही है। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किसानों के लिए सर्वसुविधायुक्त बलराम सदन और मात्र 5 रुपए में गरम भोजन उपलब्ध कराने वाली कैंटीन सुविधा भी संचालित की जा रही है, जो कारखाने की किसान-हितैषी सोच को दर्शाती है। जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी यह कारखाना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। किसानों को न्यूनतम मूल्य की गारंटी मिलने के साथ ही धान के विकल्प के रूप में गन्ना फसल को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध हो रहा है तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए कम दर पर शक्कर आपूर्ति कर स्थानीय बाजार में आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिल रही है।

### सहकारी मॉडल की सफलता का जीवंत उदाहरण

कारखाना के पंजीकृत किसानो को मिल रहे समय पर भुगतान, बेहतर प्रबंधन और किसान-केंद्रित योजनाओं के चलते भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना आज सहकारी मॉडल की सफलता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही जिले के समग्र विकास को भी नई दिशा मिल रही है।

# थाना परिसर में खड़ी बाईक में लगी आग, मचा हड़कंप

- गर्मी में सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल, थाना परिसरों में वाहन पार्किंग का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा




जिले के पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत कुंडा थाना परिसर में मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब परिसर में खड़ी एक पुलिस वाहन में अचानक आग लग गई। तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच खड़े वाहन में आग भड़कने से मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय जनपद सदस्य गजपति साहू थाना परिसर में ही मौजूद थे। उन्होंने सबसे पहले वाहन से उठती आग और धुआं देखा तथा तत्परता दिखाते हुए तत्काल अग्निशमन विभाग और पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आई मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास खड़े अन्य वाहनों और परिसर को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिसे राहत की बात माना जा रहा है। घटना के बाद थाना परिसरों में खड़े वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

भीषण गर्मी के इस दौर में क्या पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं, इस पर अब चर्चा तेज हो गई है। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो यह घटना बड़े हादसे का रूप ले सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए थाना परिसरों में खड़े वाहनों के लिए छायादार व्यवस्था, नियमित जांच और अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### धूप में वाहन खड़ा करना सुरक्षित नहीं

यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो समूचे जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। आलम ये है कि सुबह भोर फटने के साथ ही आसमान से आग बरस रही है। माना जा रहा है कि ऐसे हालातों में विशेषकर पेट्रोल चलित वाहनो को धूप में लम्बे समय के लिए खड़ा करना सुरक्षित नहीं है। खासकर ऐसे वाहनो से लम्बी दूरी तय करने के बाद उसे धूप में खड़ा करना और भी ज्यादा खतरनाक है क्योंकि लम्बी दूरी तय करने के बाद पहले से गर्म हो चुके वाहनों में इस भीषण गर्मी में आग लगने की आशंका बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी में पशुओं के उपयोग पर प्रतिबंध

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पशुओं के संरक्षण के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच पशुओं पर सामग्री लादने, सवारी हेतु उपयोग करने अथवा टांगे, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंट, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर वजन ढोने के कार्य पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध 01 मई से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। यह आदेश पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण (परिवहन एवं कृषिक पशु) नियम, 1996 के नियम 6(3) के तहत जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक गर्मी में पशुओं को होने वाली पीड़ा से बचाना है। कलेक्टर ने 01 मई से शुरू होने जा रहे सुशासन तिहार के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां शिविर के पूर्व सुनिश्चित करने, और शिविर आयोजन वाले क्लस्टर के सभी पंचायतों में मुनादी कराने के निर्देश दिए।

### पद्म पुरस्कार के लिए 15 जुलाई तक आवेदन

**कवर्धा।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों (पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री) के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य समाज के उन अनछुए एवं गुमनाम नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है, जो सुदूर वनांचलों, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रहकर समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं।

# कलेक्टर वर्मा ने ली अफसरों की क्लास



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के साथ ही विभागीय काम काज की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसीज द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। निर्माण समय से प्रारंभ और पूरा हो इसके लिए आवश्यक है कि निर्माण कार्य से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं तय समय में करते हुए चलें। उन्होंने निर्माण कार्य के लिए भूमि चिन्हांकन, टेंडर प्रक्रिया जैसे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए सभी काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल समय है, अतः पूरी तेजी से कार्य आगे बढ़े। बेवजह काम रुकना नही चाहिए, और यदि कहीं समस्या आती है तो तत्काल उसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि नियमित रूप से अपने अपने कोर्ट में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते रहें। प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें। जिन कार्यों के लिए जो समय सीमा निर्धारित है उसे उसके भीतर कर लिया जाए। कलेक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल बिजली और जलापूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने खराब हैंड पंपों की शिकायत पर तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो।

### सुशासन तिहार के संबंध में अधिकारियों को निर्देश

कलेक्टर ने 01 मई से शुरू होने जा रहे सुशासन तिहार के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां शिविर के पूर्व सुनिश्चित करने, और शिविर आयोजन वाले क्लस्टर के सभी पंचायतों में मुनादी कराने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल पर पेयजल और छाए की व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ स्वास्थ्य विभाग को काउंटर में इलेक्ट्रॉल रखने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जनगणना 2027 के तहत चल रहे स्वगणना के बारे में जानकारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल स्वगणना के लिए अंतिम तिथि है। इसका ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को स्व गणना के लिए प्रेरित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा सहित सभी एसडीएम तहसीलदार व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही बारिश में उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है।

सोमवार की शाम करीब 6 बजे हुई अचानक बारिश ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोल दी। सड़क के किनारे बनाए गए साइड शोल्डर में मुरूम की जगह मिट्टी डाल दी गई है, जिससे हल्की बारिश में ही कीचड़ और फिसलन की स्थिति निर्मित हो गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों को साइड देने के दौरान भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मिट्टी में अत्यधिक चिकनाहट होने के कारण सड़क से वाहन उतारना जोखिम भरा साबित हो रहा है। लोगों का कहना है कि जब हल्की बारिश में यह हाल है, तो आगामी बारिश के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है। बताया जा रहा है कि इस सड़क निर्माण में बड़ी राशि खर्च की जा रही है, इसके बावजूद साइड शोल्डर में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है। हैरानी की बात यह है कि इस कार्य की अब तक किसी प्रकार की प्रभावी जांच भी नहीं की गई है, जबकि इस संबंध में कई बार समाचारों के माध्यम से शासन-प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है।

इसी प्रकार दामापुर से प्रतापपुर तक निर्माणाधीन सड़क में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। यहां भी साइड शोल्डर और सड़क निर्माण में मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे बारिश के दौरान आवागमन बाधित हो रहा है।

### लोगों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी

हालात ऐसे बन गए कि अचानक हुई बारिश के कारण कई यात्रियों को रास्ते में ही रुकना पड़ा और कुछ लोग रात में रास्ता भटकते नजर आए। वर्तमान में शादी-विवाह का सीजन चल रहा है, ऐसे में सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से जल्द जांच कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# पश्चिम बंगाल के चुनाव में आतंकी राज का अंत होना तय: विशेषर पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने पश्चिम बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत होने का दावा किया। एक वैवाहिक समारोह में शिरकत करने आए श्री पटेल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि बंगाल की जनता ममता बनर्जी राक्षसी राज से मुक्ति चाहती है, उसने भय और भ्रष्टाचार के युग को समाप्त कर सुशासन लाने का मन बना लिया है।

श्री पटेल ने इस दौरान वहां उपस्थित ग्रामीणों से'गावो विश्वस्य मातरः (गाय विश्व की माता है। के ध्येय को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ माता का संरक्षण न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि यह वर्तमान की आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का एकमात्र समाधान है।

श्री पटेल ने जोर देते हुए कहा कि हिंदू संस्कृति में गाय को माता माना गया है, इसलिए अब समय आ गया है कि हम उन्हें वास्तविक रूप में माता का दर्जा प्रदान करें। उन्होंने कहा, जब तक प्रत्येक घर और किसान के आंगन में गौ माता का वास नहीं होगा, तब तक हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सुशासन का सपना पूर्ण नहीं हो सकता।

# शिक्षामंत्री आज घोषित करेंगे सीजी बोर्ड परीक्षा के नतीजे

- परिक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा मार्च के महिने में आयोजित कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं की परीक्षा देने के बाद अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार करने वाले परीक्षार्थियों का इंतजार अब समाप्त होने वाला है।

क्योंकि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव यादव ने बड़ा ऐलान करने हुई बोर्ड परिक्षाओं के परीक्षा परणाम घोषित करने की तिथि मुकर्रर कर दी है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा बुधवार को दोपहर 2.30 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे। माना जा रहा है कि यह केवल अंकों की घोषणा नहीं, बल्कि पूरे साल की मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों व शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है। शिक्षामंत्री ने परीक्षा परिणामों की घोषणा के पूर्व परिक्षार्थियों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें। परीक्षा परिणाम को सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकार करने और भविष्य की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। श्री मंत्री गजेन्द्र यादव ने सभी परिक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

### ऐसे चेक करें 10वीं-12वीं का रिजल्ट

रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आसानी से अपना स्कोर देख सकते हैं। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने लिंक जारी की है। लिंक पर क्लिक कर अपना रोल नंबर और जरूरी जानकारी भरें कैप्चा डालकर सबमिट करें स्क्रीन पर रिजल्ट दिख जाएगा, जिसे डाउनलोड भी कर सकते हैं

# छिरहा स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम छिरहा में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक उत्साह देखने को मिला, जहां शासकीय हाई स्कूल छिरहा द्वारा कक्षा नवमीं के स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

यह आयोजन मात्र एक परीक्षाफल वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित कर ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में एक नई ऊर्जा फूंकने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना और अतिथियों के स्वागत से हुआ। इस गरिमामय अवसर पर ग्राम सरपंच सुरेश पटेल ने शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छः हजार पांच सौ रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें विद्यालय की मेधावी छात्रा आल्या दिवाकर ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर पांच हजार रुपये का नगद पुरस्कार अपने नाम किया।

इसी क्रम में गुंजन दिवाकर ने 80.16 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल कर एक हजार रुपये का इनाम जीता, जबकि ऋतु यादव ने 79.33 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान हेतु पांच सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

**लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होने पर लाया गया निंदा प्रस्ताव**

# नगर पालिका परिषद की बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




नगर पालिका परिषद कवर्धा में आज परिषद की बैठक आयोजित किया गया, बैठक में लाये गये समस्त प्रस्तावों पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने विस्तार से चर्चा कर पारित कराया। उन्होनें नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित महत्तवपूर्ण संशोधनों के लोकसभा में पारित न होने के कारण आक्रोश व्यक्त करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित कराया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को सम्मान, अधिकार और नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल है। महिलाओं की राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक भागीदारी को मजबूत करने वाले प्रस्तावित महत्वपूर्ण संशोधनों का लोकसभा में पारित नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निराशाजनक है। यह केवल महिलाओं की अपेक्षाओं को आहत करने वाला विषय नहीं है, बल्कि देश के समग्र विकास एवं समान सहभागिता की भावना के भी विपरीत है।

आज नगर पालिका परिषद कवर्धा की परिषद बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित कर हमने यह स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया है कि महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार की अनदेखी स्वीकार नहीं की जा सकती।

नगर पालिका परिषद सदैव महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा, नेतृत्व क्षमता एवं उनके अधिकारों के समर्थन में खड़ी रही है और आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। बैठक में बड़ी संख्या में नगर पालिका परिषद के पार्षदगण उपस्थित थे। जिन्होने एक स्वर में विपक्ष के कृत्य की निंदा की

### बैठक में नपा अध्यक्ष व सदस्यों ने जताया आक्रोश

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित महत्तवपूर्ण संशोधनों के लोकसभा में पारित न हो पाने पर आक्रोश व्यक्त करती है इंडिया गठबंधन की इस महिला विरोधी मानसिकता की घोर निंदा करते है जिसके कारण देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने वाले इस अहम कदम को संसद में अवरूद्ध किया गया।

### महिलाओं की सशक्त राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित नपा की टीम पूर्णतः प्रतिबद्ध

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि हमारी टीम महिलाओं की सशक्त राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जब तक नारी शक्ति को नीति निर्माण में उनका उचित एवं संवैधानिक अधिकार नही मिल जाता, हम इस विषय पर अपनी निंदा और विरोध दर्ज कराते रहेगें। ताकि नारी समाज में विपक्षी दल कांग्रेस का असली चेहरा उजागर हो सके।